दिन– गुरूवार | दिनांक– 27 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल नये मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ बंटवारा। भाजपा कोटे के मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ फेर–बदल।

02. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र कल से हो रहा है शुरू। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानमंडल के संयुक्त बैठक को करेंगे संबोधित।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताया। कहा– महाकुंभ ने भारतीय संस्कृति और विरासत को मजबूत तथा समृद्ध बनाए रखने की मजबूत नींव रखी।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में बढ़ने लगी है गर्मी। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल सात नये मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। इनमें से अधिकांश विभाग पहले भाजपा कोटे के मंत्रियों के पास थे। एक रिपोर्ट–––

–––रिपोर्ट–––

बुधवार को नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। मंत्रिमंडल में सात नये मंत्रियों को शामिल किया गया। शपथ ग्रहण के एक दिन बाद आज सभी मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार संजय सरावगी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सुनील कुमार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, राजू कुमार सिंह को पर्यटन विभाग और मोतीलाल प्रसाद को कला संस्कृति एवं युवा विभाग का मंत्री बनाया गया है। जीवेश मिश्रा को नगर विकास विभाग, विजय कुमार मंडल को आपदा प्रबंधन विभाग और कृष्ण कुमार मंटू को सूचना प्रावैधिकी– आईटी विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। **आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं प्रियंका।**

---

कई मंत्रियों के विभाग में बदलाव भी किया गया है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को कृषि विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। इससे पहले मंगल पांडेय इस विभाग का प्रभार संभाल रहे थे। मंगल पांडेय को स्वास्थ्य विभाग के साथ ही विधि विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। नितिन नवीन को पथ निर्माण विभाग सौंपा गया है। पहले श्री नवीन के पास नगर विकास और विधि विभाग की जिम्मेदारी थी। वहीं, डॉ. प्रेम

कुमार से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की जिम्मेदारी ले ली गयी है। अब उनके पास सिर्फ सहकारिता विभाग रहेगा।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि उन्हें नई जिम्मेदारी मिली है। वे इसे ईमानदारी के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे।

———बाइट———

मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे में पथ निर्माण विभाग की जिम्मेदारी मिलने पर नितिन नवीन ने कहा कि केंद्रीय और राज्य नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता लंबित योजनाओं को पूर्ण करने की होगी।

———बाइट———

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है उसे जनहित के मद्देनजर पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

———बाइट———

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले बजट सत्र के दौरान कुल बीस बैठकें होंगी। पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानसभा और विधान परिषद की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। इसी दिन राज्य सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष, दो हजार चौबीस–पच्चीस का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा, जबकि तीन मार्च को उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आम बजट पेश करेंगे। चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा।

---

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बजट सत्र से पहले आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सदन के सुचारू संचालन में सहयोग मांगा। बाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी दलों ने प्रश्नकाल समेत विधायी कार्यों के निष्पादन में सहयोग

का आश्वासन दिया है। श्री यादव ने कहा कि विपक्ष अपने मुद्दों को लोकतांत्रिक ढंग से सदन में रख सकता है। सरकार इन सभी प्रश्नों का जवाब देगी।

---

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार राज्य के मखाना किसानों की प्रगति के लिए संकल्पबद्ध है। श्री सिंह ने आज दरभंगा में एक मखाना प्रोसेसिंग यूनिट के निरीक्षण के दौरान किसानों से बातचीत करते हुए यह भरोसा दिया कि उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मखाना किसानों के लिए इंटरक्रॉपिंग की व्यवस्था की जा रही है। जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

———बाइट———

---

समस्तीपुर के पटेल मैदान में आज एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। एनडीए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आगमी विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए में एकजुटता है और प्रदेश में एक बार फिर से भारी बहुमत के साथ एनडीए सरकार बनेगी।

———बाइट———

---

महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अपनी विरासत पर गर्व है और वह नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह सफल आयोजन नीति विशेषज्ञों के लिए अध्ययन का विषय है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री ने कहा की भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा की इस महाकुंभ में कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ, जो आने वाली कई—कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। श्री मोदी के शब्दों में प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे और अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया और डुबकी लगाई। उन्होंने कहा की आध्यात्मिक क्षेत्र में शोध करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। इस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे गरीब या संपन्न, बाल हो या वृद्ध, देश से आया

हो या विदेश से आया हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। श्री मोदी ने कहा की एक भारत–श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास का साक्षात्कार का महापर्व बन गया। दिवाकर के साथ अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए देशभर से सोलह हजार से अधिक ट्रेनें चलाई गईं। प्रयागराज जंक्शन पर संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रयागराज से लगभग चार करोड़ पचास लाख लोगों ने ट्रेनों के माध्यम से यात्रा की। श्री वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ के लिए इक्कीस से अधिक फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए। उन्होंने कहा कि इस महा आयोजन में सभी विभागों का पूरा सहयोग रहा।

–––बाइट–––

बहुत ही क्लोज कॉर्डिनेशन रहा राज्य की पुलिस के साथ, आरपीएफ का, जीआरपी का और जो रैपिड एक्शन फोर्स वगैरह जो लगी सबका क्लोज कॉर्डिनेशन रहा। रेलवे के सभी विभागों का बहुत अच्छा क्लोज कॉर्डिनेशन रहा। इस पूरे महाआयोजन 45 दिनों में सब जगह श्रद्धालुओं को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा उनको ये मार्ग दर्शन दिया कि इसको आप क्राउड की तरह न समझे, श्रद्धालुओं की श्रद्धा को समझे।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आरक्षण को लेकर अर्नगल बयानबाजी कर रहे हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि तेजस्वी यादव को यह बताना चाहिए कि राजद के शासनकाल में कितने लोगों को आरक्षण का लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि दरअसल चारा घोटाले में सजायाफ्ता लोगों ने ही वंचितों और गरीबों का हक खाया है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश के सभी नौ प्रमंडलों में पहले चरण के तहत कर्पूरी ठाकुर बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर सौ सीटों वाले एक बालिका छात्रावास के लिए प्राकलन भेजने का अनुरोध किया है। इन छात्रावासों के निर्माण से पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की बालिकाओं को उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के दौरान शहरों में आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों तक तापमान में वृद्धि जारी रहेगी।

---बाइट---

विभाग ने कहा है कि दो दिनों बाद कैमूर, औरंगाबाद, रोहतास, गया और नवादा समेत राज्य के दक्षिण-मध्य और दक्षिण-पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है।

---

आकाशवाणी पटना के राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आकाशवाणी के कर्मियों के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य योजना, सीजीएचएस के अधिकारियों और कर्मियों ने भी भाग लिया। सरकारी कामकाज में हिन्दी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल नये मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ बंटवारा। भाजपा कोटे के मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ फेर-बदल।

02. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र कल से हो रहा है शुरू। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानमंडल के संयुक्त बैठक को करेंगे संबोधित।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताया। कहा- महाकुंभ ने भारतीय संस्कृति और विरासत को मजबूत तथा समृद्ध बनाए रखने की मजबूत नींव रखी।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में बढ़ने लगी है गर्मी। मौसम विभाग ने कहा- अगले दो दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।